दैनिक ट्रिब्यून, चंडीगढ़, बुधवार, 6 जून, 2012

'ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगवायेंगे मेगा हेल्थ कैंप'

कालका, 5 जून (निस)। छोटी उम्र और कम समय में लम्बी दूरी को छूने वाले संत शर्मा आज नि:स्वार्थ समाज सेवा में इतने लीन हो गये हैं कि उनका मिशन ही समाजसेवा बन गया है। यूं तो वह लम्बे समय से असहाय, गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा में लगे हुये हैं लेकिन अभी दो दिन पूर्व उन्होंने कालका में एक नि:शुल्क मेगा हैल्थ कैम्प लगवाया जो लम्बे समय तक याद किया जाता रहेगा। गौरतलब है कि उक्त नि:शुल्क कैम्प का आयोजन समाज सेवी संत शर्मा ने अंबाला की हैल्थ केयर एण्ड वेल्फेयर सोसायटी के सौजन्य से करवाया था और सारा खर्च भी स्वयं अकेले वहन किया। उल्लेखनीय है कि कालका के इतिहास में पहली बार विशाल नि:शुल्क मेगा हैल्थ शिविर का आयोजन किया गया

संत शर्मा

जिसमें कैंसर, हृदय और दिमाग की बीमारियों के चैकअप के अलावा महिलाओं के ब्रैस्ट कैंसर की जांच को शामिल किया गया। वह जल्द ही ऐसे दो शिविर कालका हलके के ग्रामीण क्षेत्र में लगवाने की ठान चुके हैं।